हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 वीरांगना रानी दुर्गावती के त्याग, शौर्य और बलिदान ...



14 अंदरूनी क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर...





# सरकारी दावों की खुली पोल, सेजस स्कूलों में अब तक नहीं पहुंचीं पाठ्यपुस्तकें

## 10 दिन बाद भी नहीं मिली किताबें, जिम्मेदार जवाब देने से बच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ बिना किताबों के चल रही कक्षाएं, छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी

एक ओर सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिले के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों याने सेजस में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के दस दिन बाद भी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। किताबों के अभाव में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और अभिभावकों में भी नाराजगी बढ़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए करीब दस दिन बीत चुके हैं। विद्यालयों में नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं, लेकिन अधिकांश विद्यार्थियों के हाथों में अब तक पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंची हैं। ऐसे में शिक्षक भी पढ़ाई को व्यवस्थित रूप से आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। विद्यार्थियों को केवल मौखिक रूप से विषय समझाया जा रहा है, जिससे उन्हें पाठ्यक्रम समझने में कठिनाई हो रही है। कई विद्यालयों के प्राचार्यों ने पुराने छात्रों से किताबें जमा करवा ली थी, उनकी मदद से कुछ विद्यालयों में पढ़ाई हो रही है, परंतु अधिकतक सेजस में हाल बेहाल है। अभिभावकों का कहना है कि हर वर्ष शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही किताबों की व्यवस्था कर ली जाती थी, लेकिन इस बार स्थिति अलग है। ▶▶|शेष पेज 12 पर

### सेजस में जल्द पहुचेंगी किताबें

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद का कहना है कि पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति प्रक्रिया जारी है और जल्द ही सभी सेजस में किताबें पहुंचा दी जाएंगी। हालांकि विद्यार्थियों और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद किताबों की प्रतीक्षा करना व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।




### पाठ्यक्रम की रखी जाती थी नींव

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सत्र के शुरुआती दिन विद्यार्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इसी दौरान पाठ्यक्रम की नींव रखी जाती है। यदि समय पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं होतीं तो इसका असर पूरे शैक्षणिक सत्र पर पड़ सकता है। छात्रों की पढ़ाई की गति भी प्रभावित होती है और परीक्षा की तैयारी में भी दिक्कतें आती हैं।

## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, चालक की मौत



**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत ग्राम बेरकोट निवासी 40 वर्षीय मनेसिंह हुपेन्डी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि 13 मई को मनेसिंह अपनी पत्नी सुकमोतिन बाई के साथ पखांजुर स्थित बैंक गया था। पत्नी का आधार कार्ड घर में छूट जाने पर वह उसे लेने अकेले मोटरसाइकिल से वापस बेरकोट जा रहा था। दोपहर करीब 2 बजे ग्राम महला आरून नाला के पास परतापुर-कोयलीबेड़ा मार्ग पर मोटरसाइकिल को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए वह सड़क किनारे गड्ढे में घुस गया तथा पत्थर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में उसके सिर, माथे, छाती और सिर के पीछे गंभीर चोटें आईं तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जांच में पाया कि दुर्घटना मृतक की स्वयं की लापरवाही के कारण हुई। इस संबंध में धारा 281 एवं 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का आत्मीय स्वागत



**सरोना।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेभाट में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच उर्मिला कुंजाम, उपसरपंच जगदेव मण्डावी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालक एवं ग्रामीण शामिल हुए। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक-आरती कर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित किए गए। इस दौरान नई शाला प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने कि बात कही।

### मधुमक्खी काटने से बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत जेपरा बांधापारा निवासी बुजुर्ग को मधुमक्खी ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सीएससी चारामा से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक 62 वर्षीय प्रितराम मरकाम पिता स्व. राम मरकाम को मधुमक्खी ने काट लिया था। इलजा के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसकी 28 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 21 हजार मैट्रिक टन से अधिक बीज का वितरण

**कांकेर।** खाद संकट संबंधी खबरों के बीच कृषि विभाग ने जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता होने की जानकारी दी है। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा ने बताया कि खरीफ 2026 के लिए जिले की सभी सहकारी समितियों में 30,393.514 मैट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 21,288.995 मैट्रिक टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है। पीढ़ापाल समिति में 500 मैट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 217.55 मैट्रिक टन खाद का भंडारण तथा 150.59 मैट्रिक टन का वितरण किया गया है।

### पॉलीटेक्निक में आज से द्वितीय चरण काउंसिलिंग

**कांकेर।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज 26 जून से शुरू होगी। शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन 26 से 30 जून तक किया जाएगा तथा सीट आबंटन सूची 3 जुलाई को जारी होगी। ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 910 से 378 रुपए तक का सफर, रेट विवाद में फंसी रावघाट परियोजना

# बीएसपी प्रबंधन पर उठ रहे सवाल, पांच दिनों से लौह अयस्क का परिवहन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ बीएसपी ने जिस समूह को दिया था तवज्जो, वहीं अब बन गया सिर दर्द

रावघाट लौह अयस्क परियोजना में एक बार फिर प्रबंधन, ठेकेदारी व्यवस्था और स्थानीय हितों के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया है। पिछले पांच दिनों से लौह अयस्क का परिवहन पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। इस ठहराव के पीछे परिवहन दरों में भारी कटौती और नए ठेकेदार की शर्तों को प्रमुख कारण माना जा रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि जिन वाहन समूहों और समितियों को कभी बीएसपी अधिकारियों ने प्राथमिकता देकर मजबूत किया था, वही आज प्रबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं।

जानकारी के अनुसार रावघाट खदान से अंजरैल के रास्ते लौह अयस्क का परिवहन पहले लंबे मार्ग से किया जाता था। उस समय लौह अयस्क को नारायणपुर, कोंडागांव और कांकेर होते हुए अंतागढ़ रेलवे रैक तक पहुंचाया जाता था। इस कार्य के लिए परिवहन दर 910 रुपये प्रति टन निर्धारित थी। बाद में नारायणपुर-कोंडागांव मार्ग निर्माण के दौरान प्रशासनिक स्तर पर परिवहन मार्ग में बदलाव किया गया और वाहनों को नारायणपुर से सीधे अंतागढ़ भेजा जाने लगा। ▶▶|शेष पेज 12 पर

पाँच दिनों से हड़ताल पर बैठे ग्रामीण



### लागत कम देने से परिवहन कार्य हुआ बंद

परिवहन कार्य का नया ठेका बिलासपुर की जेके एसोसिएट्स कंपनी को दिया गया। कंपनी ने नए मार्ग और कम दूरी का हवाला देते हुए परिवहन दर को घटाकर 478 रुपये प्रति टन निर्धारित कर दिया, वहीं स्थानीय वाहन मालिकों को 378 रुपये प्रति टन की दर पर कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया। वाहन मालिकों का कहना है कि वर्तमान लागत, डीजल, रखरखाव और अन्य खर्चों को देखते हुए इस दर पर परिवहन कार्य करना घाटे का सौदा है, इनका कहना है कि 910 रुपए से ही भुगतान किया जाए। इसी कारण उन्होंने कार्य बंद कर दिया।

### केएलसीसी के कार्य को आंदोलनकारियों ने रोका

विवाद उस समय और बढ़ गया जब बीएसपी ने केएलसीसी के माध्यम से खदान से मात्र छह किलोमीटर दूर सरगीपाल तक लौह अयस्क पहुंचाकर रेलवे वैगनों से परिवहन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही वाहन मालिकों और उनकी समितियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। 20 जून से आंदोलनकारी जंगल के भीतर स्थित सड़क पर धरने पर बैठ गए और लौह अयस्क के परिवहन को रोक दिया। बातचीत के कई दौर होने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। यह भी चर्चा है कि इस विवाद को बढ़ाने और उकसाने में पुराने ठेकेदारों का हाथ है।

### स्थानीय को रोजगार देने की मांग जोड़ी

आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए वाहन मालिकों की समितियों ने स्थानीय ग्रामीणों को जोड़ने के लिए मजदूरों की संख्या को बढ़ाने की माँग किया है। स्थानीय कुछ युवाओं का यह भी कहना है कि समिति के लोग प्रबंधन से मिलकर कांकेर जिले का सीधा नुकसान किया है। माईंस में कांकेर जिले की अपेक्षा नारायणपुर की गाड़ी भी ज्यादा है और मजदूर भी ज्यादा है, जबकि लौह अयस्क 90 प्रतिशत कांकेर जिला में है। कांकेर जिले के रावघाट से प्रभावित 35 गांव के ग्रामीणों का सीधा शोषण हो रहा है, इसे लेकर न तो सरकार गंभीर है, न ही प्रशासन और न ही बीएसपी प्रबंधन।

# माटोली चौक हादसे में दर्ज हुआ काउंटर केस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लगाया लापरवाही का आरोप

माटोली चौक में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद अब मामला कानूनी जांच के दायरे में पहुंच गया है। आमने-सामने की टक्कर के बाद आग की लपटों में घिरे 16 चक्का ट्रक और हाईवा ट्रक के पूरी तरह जल जाने के मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के वाहन चालक को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पखांजुर मार्ग स्थित माटोली चौक के पास बुधवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एक 16 चक्का ट्रक और हाईवा ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन आपस में फंस गए और देखते ही देखते उनमें आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनों वाहन बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक चालक घायल भी हुआ था। पुलिस के मुताबिक झारखंड के पलामू जिले निवासी 23 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार, जो सोम लॉजिस्टिक भिलाई का 16 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएस 0833 चला रहा था, ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सीमेंट खाली कर महाराष्ट्र की ओर जा रहा था। इसी दौरान पखांजुर की ओर से आ रहे हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 12 एटी 3049 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में उसे कंधे और घुटने में चोटें आईं तथा ट्रक जल गया। दूसरी ओर कापसी निवासी पेटी ▶▶|शेष पेज 12 पर

# गर्भवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना लोहत्तर पुलिस ने गर्भवती महिला से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की और आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून को पीड़िता अपने पति के साथ थाना लोहत्तर पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि ग्राम शीतलपुर निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र मेरिया पिता हीरे सिंह ने रात के समय उसके घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी को उसकी गर्भावस्था की जानकारी होने के बावजूद उसने इस गंभीर वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर थाना लोहत्तर में अपराध क्रमांक 06/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64(2)(ए), 333 एवं 351(2) के तहत मामला कायम किया गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्काल विवेचना शुरू कर दी। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम शीतलपुर क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसे 24 जून की शाम करीब 7 बजे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को 25 जून को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रमेश जायसवाल, सहायक उपनिरीक्षक पवन मरकाम, आरक्षक राजेश नेताम, मनीष चालाकी एवं बोहरन नरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छात्राओं को मिली सायकल, शिक्षा की राह हुई आसान



**भानुप्रतापपुर।** नई शाला प्रबंधन समिति का गठन ग्राम मुंगवाल में किया गया तथा कक्षा नवमी की छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित किया गया। शाला प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रामलाल हुपेंदी ने बच्चों को शिक्षा के सरोकार, शिक्षा से भविष्य निर्माण के संबंध में बच्चों को प्रोत्साहित किया। शाला त्यागी बच्चों को पुनः शाला प्रवेश कराया गया। सरपंच जैसारो कोर्राम एवं उप सरपंच बिरसा राम उइके के आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया ▶▶|शेष पेज 12 पर

# ट्रक-पिकअप की सीधी भिड़ंत में चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ एनएच-30 पर तेज रफ्तार का कहर

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर बुधवार दोपहर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का खामियाजा एक पिकअप चालक को भुगतना पड़ा। कुलगांव के आगे हुए सड़क हादसे में एक ट्रक और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार रायपुर जिले के धरसिंवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरोदा निवासी 30 वर्षीय लखन साहू पेशे से वाहन चालक है और वह 24 जून को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूसी 2156 में सामान लेकर रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहा था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वह कुलगांव के आगे राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर पहुंचा, तभी सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0106 के चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी दिशा छोड़कर विपरीत दिशा में ट्रक ला दिया। अचानक सामने आए ट्रक को देखकर पिकअप चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और कुछ ही क्षणों में दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में पिकअप वाहन का चालक साइड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान पिकप वाहन चालक लखन साहू को सीने, दाहिने हाथ तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घायल पिकप वाहन चालक की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0106 के चालक के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

## मोदी की गारंटी लागू करने की मांग, मितानिन संघ ने खोला मोर्चा

# स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मितानिनें नाराज सरकार को घोषणा पत्र की दिलाई याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन, मितानिन संघ की चेतावनी

ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिन कार्यकर्ताओं का सब्र अब जवाब देने लगा है। वर्षों से गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली मितानिनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।



मितानिन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण, मानदेय वृद्धि और एनएचएम में संविलियन की मांग की माँग को लेकर शहर में रैली भी निकाली। मितानिने कांकेर में 25 मार्च को रैली निकालते हुए नारेबाजी किया और उनका कहना था कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान जारी मोदी की गारंटी में मितानिन मितानिन प्रशिक्षक, हेल्थ एंड वेलनेस फैसिलिटेटर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### मानदेय में नही हुई वृद्धि

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मितानिन कार्यकर्ता वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित मानदेय और सेवा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। ऐसे में चुनावी वादों के अनुरूप 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि और एनएचएम में संविलियन किया जाना आवश्यक है।

### सरकार के अगले कदम पर टिकी निगाहें

ज्ञापन के माध्यम से मितानिन संघ ने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। इसके अलावा चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अब मितानिन कर्मचारियों की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# नल-जल के ठेकेदार की लापरवाही से विद्यार्थियों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ स्कूल के मुख्य द्वार पर मौत को दावत दे रहा गड्ढा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम एवं हिंदी मीडियम हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी भानुप्रतापपुर के मुख्य द्वार के सामने नल-जल योजना के ठेकेदार द्वारा कई दिनों से सड़क खोदकर छोड़ दी गई है। खुदाई के बाद गड्ढों की भराई नहीं किए जाने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल खुलने के बाद प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं साइकिल, स्कूटी और पैदल स्कूल पहुंचते हैं, लेकिन मुख्य द्वार के सामने बने गड्ढे उनके लिए खतरा बन चुका हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई विद्यार्थी साइकिल और स्कूटी से फिसलकर गिर चुके हैं। बारिश के दौरान गड्ढो में पानी भर जाने से खतरा और बढ़ जाता है, जिससे दुर्घटना ▶▶|शेष पेज 12 पर



### सड़क मरम्मत की मांग

क्षेत्रवासियों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए। ताकि विद्यार्थियों और राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# गतिविधियां समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से की जाएं क्रियान्वित

## छात्र- छात्राओं की कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



**भुसकी प्राशा में बीईओ का औचक निरीक्षण**

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत प्राथमिक शाला भुसकी का गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार डे एवं खंड स्रोत समन्वयक लतीप सोम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही पूर्व में स्वीकृत निर्माण कार्य से संबंधित प्राप्त शिकायत की भी विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, विद्यार्थियों को वितरित किए गए गणवेश एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तक स्कैनिंग की प्रगति तथा शिक्षकों द्वारा वीएसके ऐप में नियमित ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज किए जाने की भी समीक्षा की। खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित सभी शैक्षणिक गतिविधियों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की अपेक्षाकृत कम उपस्थिति पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की नियमित उपस्थिति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अनुपस्थित विद्यार्थियों के पालकों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करें तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें, ताकि शत-प्रतिशत उपस्थिति का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

### बच्चों के सीखने के स्तर पर दें विशेष ध्यान

*निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता बनाए रखते हुए बच्चों के सीखने के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।*

## खबर संक्षेप

### 27 को आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत 27 जून को सुबह 9 बजे शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराया जाएगा।

### अल नीनो के प्रभाव से पशुधन बचाने पशुपालकों को दी सलाह

**कांकेर।** अल नीनो के संभावित प्रभावों को देखते हुए पशुधन विकास विभाग ने जिले के पशुपालकों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारियां करने की सलाह दी है। उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा ने बताया कि कम वर्षा और सूखे जैसी परिस्थितियों के कारण पशुओं के लिए चारे एवं पानी की कमी हो सकती है। इससे बचाव हेतु पशुपालकों को पर्याप्त मात्रा में चारा भंडारित करने, साइलेज और सूखा चारा तैयार करने, अजोला चारा उपयोग करने तथा सूखा प्रतिरोधी फसलों का उत्पादन करने की सलाह दी गई है। उन्होंने पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, समय पर टीकाकरण एवं कृमिनाशक दवाओं के उपयोग पर जोर दिया। अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए पशुओं को छायादार स्थान पर रखने और उनसे अधिक कार्य नहीं लेने की भी सलाह दी गई है और साथ ही पशुधन बीमा कराने एवं बीमार पशुओं का तत्काल उपचार कराने का आग्रह किया गया है।

### प्रकरणों की सुनवाई 3 जुलाई को धमतरी में

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य सरला कोसरिया, ओजस्वी मण्डावी एवं दीपिका शोरी द्वारा 03 जुलाई को प्रातः 11 से सायं 05 बजे तक धमतरी के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धमतरी, बालोद एवं कांकेर जिले से संबंधित महिला उत्पीडन संबंधी प्रकरणें की सुनवाई प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें संबंधित पक्षकारों को उपस्थित होने कहा गया है।

### प्राशा व माशा घोड़ाबत्तर में शाला प्रवेशोत्सव

**भानुप्रतापपुर।** प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला घोड़ाबत्तर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पंच एवं समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के लिए विद्यालय में स्वागतपूर्ण एवं उत्साहजनक वातावरण तैयार करना रहा।

## ग्रामसभा में की गई चर्चा

# खाद की कालाबाजारी पर पंचायत की नजर ग्रामस्तर पर बनेगी निगरानी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम डूमरकोट में जनपद सदस्य के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की बढ़ चढ़ कर सहभागिता रही। ग्राम सभा में विशेष रूप से आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से मिले सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का अवलोकन और वाचन किया गया। शासन की मार्गदर्शिका एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की गई ग्रामीणों से मिले दावे-आपत्तियों को नियमानुसार प्राप्त कर उनके निराकरण किया गया। ग्राम सभा से अनुमोदन के बाद स्थाई प्रतीक्षा सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न एजेंडा के तहत पूर्व बैठक के निर्णयों के पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन, विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों की प्रगति और अन्य विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए ग्राम सभाओं में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

खाद उर्वरक का कालाबाजारी रोकने पंचायत स्तर पर निगरानी समिति गठन करने की जानकारी दी गई। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची ने ग्राम सभा मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों ग्रामीण किसानों को जानकारी देते हुए बताया पंचायत समिति द्वारा पंचायत स्तर पर खाद उर्वरक के अत्याधिक बिक्री की निगरानी करेगी एंव अनिमियता के सम्बंध में विकासखंड एंव अनुविभाग स्तरीय अधिकारियों को सूचित करेंगे। निगरानी समिति खाद उर्वरकों का हेरफेर कालाबाजारी पर नजर रखेगा। उर्वरक के हेरफेर की कोई भी अनाधिकृत गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल जिला मजिस्ट्रेट अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तहसीलदार स्तर के अधिकारी को सूचित करेगा। निगरानी समिति का निर्माण पंचायत प्रस्ताव से किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

*ग्राम सभा में जनपद सदस्य खेमिन कुरेटी, सरपंच दीपा गंगवंशी, ग्राम सभा प्रभारी प्रभा जुर्री, उपसरपंच रामरतन कुरेटी, पीठासीन अधिकारी प्रवीण कवाची, सचिव बलिराम पोया, कंवल कुंजाम, शेखर मंडावी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।*

# आमागुहान में उत्साह के साथ मनाई वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जंगोरायतार विद्याकेतुल शिक्षण संस्था दमकसा के सौजन्य से ग्राम आमागुहान में 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती की 462वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लेकर वीरांगना के अद्वितीय साहस, स्वाभिमान और बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय ग्राम गायता द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों से 12 गांवों के आराध्य वारसा देव, कुंवरपाट एवं जिमीदारीन देवी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके शौर्य और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात पूरे गांव में जागरूकता एवं सम्मान रैली निकाली गई। रैली में महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रानी दुर्गावती के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मितानिन संघ, पेन सेना तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर पूर्व जमींदार देवदास बोगा, ग्राम गायता रमेश देहारी, वरिष्ठ ग्रामीणजन एवं पुलिस चौकी दमकसा का अमला उपस्थित रहा। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरणविद शेरसिंह आचला एवं संस्था के तत्वाधान में किया गया।

# तिलक, मिठाई और नेवता भोज के साथ मना शाला प्रवेश उत्सव



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय बालक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय दुर्गुकोंदल में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और आत्मीय स्वागत कर विद्यालय परिवार में शामिल किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अतिथियों के लिए नेवता भोज का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष राम बघेल ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और पालकों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष फूलसिंह मंडावी तथा संकुल समन्वयक शंकर दास नागवंशी ने भी विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति एवं परिश्रम का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय में पुत्र के चयन से उत्साहित अभिभावक नरोत्तम साहू एवं मुकेश्वरी साहू ने विद्यालय को एक विद्युत पंखा भेंट किया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं -छात्राएं उपस्थित रहे।

### आमाकोट संकुल में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव



**अंतागढ़।** आमाकोट संकुल अंतर्गत ग्राम उमकी के प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच उमेश पोटाई ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर विद्यालय में प्रवेश कराया तथा विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए। सरपंच ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और पालकों से नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजने कि बात कहते हुए एकलव्य विद्यालय में चयनित संकुल के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों वर्तिका कोर्राम, महेश कोवड़ो एवं रंजीत कल्लो को सम्मानित कर प्रोत्साहन राशि प्रदान की। साथ ही घोषणा की कि आगामी वर्ष संकुल स्तर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य भुनेश्वर साहू, उपसरपंच शांतूराम कल्लो, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय साहू, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सावित्री दर्रो सहित संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### डोंगरकट्टा शाला में प्रवेशोत्सव नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत



**कोरर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डोंगरकट्टा में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का आरती उतारकर, बैच लगाकर, गुलदस्ता एवं मिठाई देकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल प्रभारी प्राचार्य एके सिन्हा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व बताते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। वहीं एसएमसी अध्यक्ष सुंदर लाल माहला ने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया। प्रधान अध्यापिका मालती कुंजाम ने पालकों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों के गृहकार्य पर ध्यान देने तथा विद्यालय की शिक्षा एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की अपील की। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष सुंदर लाल माहला, उपाध्यक्ष सामरथ मातलामी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ ने सीएमएचओ कार्यालय का नारेबाजी करते हुए किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन भी
- बीएमओ को हटाने व कर्मचारियों की बहाली होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि विभागीय स्तर पर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। आंदोलन के बीच ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात की। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ के अनुसार सीएमएचओ द्वारा मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

### ठोस कार्रवाई नहीं तब तक करेंगे प्रदर्शन

हालांकि संघ ने स्पष्ट किया है कि बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता को हटाने और निलंबित कर्मचारी की बहाली सहित अन्य मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को आगे भी जारी रखा जाएगा। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ के आंदोलन के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है और अब कर्मचारियों की मांगों पर प्रशासनिक निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

# नीट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, कांग्रेस चलाएगी का जिला स्तरीय अभियान : बसंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- युवाओं से जुड़े मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाएगी



नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस ने जिला स्तर पर अभियान चलाने की घोषणा की है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बसंत यादव ने बताया कि हाल ही में राजस्थान के कोटा में आयोजित /"छात्रों की गूंज/" कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने देश के प्रत्येक जिले में प्रेस वार्ता और जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है, ताकि युवाओं की समस्याओं को सरकार और समाज के सामने प्रभावी ढंग से रखा जा सके। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में नीट समेत कई भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों विद्यार्थियों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई परीक्षाएं रद्द हुईं, भर्तियां वर्षों तक लंबित रहीं और हजारों युवाओं का भविष्य अनिश्चितता के दौर में पहुंच गया। इससे युवाओं में निराशा और असंतोष बढ़ा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने की मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और जागरूक नागरिकों से इस अभियान में शामिल होकर युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद करने की अपील की।

# आवारा कुत्ते के हमले में बुजुर्ग महिला घायल, कोहनी पर हुआ गहरा घाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा



तहसील सरोना के अंतर्गत घोटियावाही में आवारा कुत्ते के हमले से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महेशपुर निवासी ललीता नायक पर अचानक एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में महिला की हाथ की कोहनी पर गहरा घाव हो गया, जिससे वह घायल हो गईं।

घटना के दौरान महिला के शोर मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को वहां से भगाया, इसके बाद घायल महिला को उपचार के लिए तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा एवं रेबीज टीका हेतु जिला अस्पताल कांकेर प्रस्थान किया गया। चिकित्सकों ने रेबीज संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक टीकाकरण कराने की सलाह दी है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और भी बढ़ सकती हैं। फिलहाल घायल महिला का उपचार जारी है और उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक डॉ बलदेव तारम ने बताया कि कुत्ते के काटने से जख्म गहरा है, प्राथमिक उपचार कर उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल कांकेर भेज दिया गया।

## पेज 11 के शेष...

### सरकारी दावों की खुली ...

कई छात्रों ने बताया कि किताबें नहीं मिलने के कारण उन्हें नोट्स के भरोसे पढ़ाई करनी पड़ रही है। विशेषकर अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों को विषयों को समझने में अधिक परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि पाठ्यपुस्तक के बिना नियमित अध्ययन संभव नहीं हो पा रहा है। अब विद्यार्थियों और अभिभावकों की नजरें शिक्षा विभाग पर टिकी हैं कि आखिर कब तक सेजस विद्यालयों के छात्रों को उनकी पाठ्यपुस्तकें मिल पाएंगी और उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू हो सकेगी।

### बीएसपी प्रबंधन पर ...

ऐसी चर्चा है कि इस बदलाव के बावजूद पुराने रेट के आधार पर भुगतान जारी रहा। जानकारों के अनुसार पुराने और नए मार्ग के बीच आने-जाने की दूरी में लगभग 340 किलोमीटर का अंतर है। इसके बावजूद परिवहन व्यवस्था पूर्व दरों पर संचालित होती रही। इस कार्य के लिए देव और नाहर कंपनी को परिवहन का ठेका मिला हुआ था, जिसकी अवधि मार्च 2026 में समाप्त हो गई थी। आरोप है कि बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही के चलते ठेका समाप्त होने के बाद भी कंपनी को 20 जून 2026 तक कार्य जारी रखने की अनुमति दी गई और 340 किमी. की दूरी कम होने के बाद भी भुगतान 910 रूपएं प्रति टन से किया गया, यदि बीएसपी ने ऐसा भुगतान किया है, तो यह करोड़ो की गड़बड़ी है।

### स्वास्थ्य सेवाओं की ...

तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलियन का वादा किया गया था। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार बनने के बाद भी अब तक इन घोषणाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है, जिससे प्रदेशभर के मितानिन कर्मियों में असंतोष व्याप्त है। उन्होने यह भी आरोप लगाया है कि शासन स्तर पर मितानिन कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी पुनः किसी निजी संस्था अथवा एनजीओ को सौंपने की तैयारी की जा रही है। संघ का कहना है कि यदि ऐसा होता है तो हजारों मितानिन कर्मचारियों के रोजगार और भविष्य पर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने मांग की है कि मितानिन व्यवस्था को सरकारी ढांचे के भीतर ही संचालित रखा जाए और कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए।

### माटोली चौक हादसे ...

ठेकेदार किशोर मंडल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी कंपनी का हाईवा गिट्टी परिवहन कार्य में लगा हुआ था। चालक के अनुसार माटोली चौक के पास कापसी की ओर से आ रहे 16 चक्का ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए हाईवा को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई और हाईवा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने सिद्धार्थ कुमार की शिकायत पर हाईवा चालक के विरुद्ध धारा 281 एवं 125 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है, वहीं किशोर मंडल की शिकायत पर 16 चक्का ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के अंतर्गत मामला कायम किया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

### नल-जल के ठेकेदार ...

की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नल-जल योजना के ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार की उदासीनता का खामियाजा आम लोगों और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्कूल जैसे संवेदनशील क्षेत्र के सामने सड़क की ऐसी बदहाल स्थिति होने के बावजूद संबंधित विभाग और ठेकेदार कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### पॉलीटेक्निक में आज ...

चयनित अभ्यर्थी 4 से 9 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। संस्थान में सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की 30-30 सीटें उपलब्ध हैं। 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रथम वर्ष तथा 12वीं विज्ञान गणित व आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी लेटरल एंट्री से द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं।

### छात्राओं को मिली ....

जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल का संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव के रूप में कक्षा पहली, छठवीं व नवमीं के नव प्रवेशी बच्चों को टीका चंदन लगाकर, मिठाई खिलाकर, गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जयराम गावड़े, आत्मा राम कोर्राम, प्राचार्य टिकेश ठाकुर, व्याख्याता सुखनंदन पददा, मनोज निर्मलकर, ब्यास नारायण पैकरा, चिमन मेरिया, पुरुषोत्तम साहू, सुनाराम कुलदीप, ललिता कांगे सहित अनेक गणमान्य नागरिक , महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बालेंगा में 2 जगह ब्लास्टिंग से दहशत, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालेंगा में 2 अलग-अलग स्थानों पर चल रही पत्थर खदान और मेटल क्रेशर की हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण दहशत में हैं। दोनों मामलों को लेकर वार्डवासियों ने एसडीएम गगन शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

खासपारा गोण्डपारा में पीला राम नेताम द्वारा संचालित पत्थर खदान को बंद कराने की मांग की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान घरों और आंगनबाड़ी केंद्र से मात्र 2 मीटर की दूरी पर है। आंगनबाड़ी में छोटे बच्चे दिनभर रहते हैं। ब्लास्टिंग के कारण हमेशा बड़े हादसे का डर बना रहता है। पत्थर खदान से निकलने वाले धुएं और धूल से मोहल्ले में बीमारी फैलने की आशंका है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कुछ समय पहले हुई हैवी ब्लास्टिंग से 5 घरों में पत्थर गिरे और घरों की सीट टूट गई थी। 18 जून 2026 को फिर बड़ी ब्लास्टिंग



से पूरा मोहल्ला दहल गया। वार्ड क्रमांक 18 एवं 19, इंद्रावती कॉलोनी के ग्रामीण लखमू भारती मेटल क्रेशर की ब्लास्टिंग से परेशान हैं। ज्ञापन में बताया गया कि क्रेशर घरों से मात्र 100 मीटर की दूरी पर है। 24 जून को सुबह 4 बजे ब्लास्टिंग की गई, जिससे पूरे वार्ड के साथ ब्लॉक कार्यालय तक के घर दहल गए। मोहल्ले के लोग नींद से जाग गए। ब्लास्टिंग के बाद खेत और घरों तक पत्थर पहुंच जाते हैं। दोनों मामलों में ज्ञापन सौंपने के दौरान एसडीएम गगन शर्मा ने ग्रामीणों से स्थानीय हलबी बोली में बातचीत की। उन्होंने जांच कर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने कहा कि किस आधार पर हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है, कंपनी या संचालक से दस्तावेज मंगवाकर जांच की जाएगी। नियम विरुद्ध पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने दोनों खदानों को पूर्णतः बंद करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पर्यावरण विभाग, खनिज अधिकारी और तहसीलदार को भी दी गई है। बड़ी संख्या में ग्रामवासी ज्ञापन देने एसडीएम कार्यालय बस्तर पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### शेडनेट हाउस से बदली किसान की तकदीर



**बीजापुर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर ग्राम पोलेम निवासी किसान कन्हैया आत्रम ने खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। परंपरागत खेती करने वाले कन्हैया आत्रम ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन एवं अनुदान सहायता से 2000 वर्गमीटर क्षेत्र में शेडनेट हाउस स्थापित किया। शेडनेट हाउस में किसान द्वारा करेला, खीरा, तरोई, बरबटी सहित विभिन्न सब्जियों की उन्नत खेती की जा रही है। इससे अब तक लगभग 2 लाख रुपये का उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसमें खर्च निकालने के बाद 1.80 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित हुई। इसके अलावा किसान ने खुले क्षेत्र में लाल मिर्च की खेती कर उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त किया। लाल मिर्च से लगभग 7 लाख रुपये की आय हुई, जबकि कुल खर्च करीब 2 लाख रुपये रहा। इस प्रकार किसान को 5 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हुई।

### सीईओ ने लिया आवास कार्यों का जायजा

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने गीदम विकासखंड का दौरा किया। दौरे के प्रथम चरण में उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासित युवाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों एवं रोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी ली। सीईओ ने युवाओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जिस कार्य में रुचि हो, उसी क्षेत्र में बेहतर अवसर एवं सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जुड़ने का आह्वान किया।

### गाज गिरने से मृत्यु पर सहायता राशि जारी

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।
जिसके अंर्तगत सदाराम मड़काम के गाज गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस उनकी पत्नी सोमड़ी मड़काम ग्राम ताकीलोड़ जाडकापारा थाना भैरमगढ़ को उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि का भुगतान उनके बैंक खाता में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिया गया है।

## बास्तानार विकासखंड में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

# सांसद व विधायक ने बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से बास्तानार विकासखंड में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत

- कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे: विधायक

किया तथा उन्हें गणवेश वितरित कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों के मन में विद्यालय के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने और शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप नेकहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की सीख दी। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी




### शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रत्येक बच्चे का विद्यालय से जुड़ना और नियमित अध्ययन करना समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

### शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार

विधायक विनायक गोयल ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ बच्चों तक पहुंचाना आवश्यक है। विधायक ने शिक्षकों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बच्चों को तिलक लगाकर विद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। गणवेश वितरण के साथ-साथ उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय है कि बास्तानार विकासखंड में कुल 29 संकुल तथा 229 विद्यालय संचालित हैं। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से विकासखंड के सभी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है जो किसी कारणवश विद्यालय से दूर हैं, ताकि उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प दोहराया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला प्रवेश उत्सव ने न केवल बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, बल्कि अभिभावकों एवं समाज को भी यह संदेश दिया कि शिक्षा ही प्रगति, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का सबसे मजबूत आधार है। बास्तानार विकासखंड में आयोजित यह आयोजन शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, जिला मंत्री नारायण सिंह ठाकुर, मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष रूपाराम मुचाकी, मनकु पोयाम, विमल पाण्डेय, मालती मण्डावी, रंगबती कश्यप, पायको राम वेको, सोहन पोयाम, डीईओ बलीराम बघेल, बीईओ संजय मिश्रा, एबीईओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण मौजूद रहे।

# खाता बंटवारे के लिए तीन साल से तहसील के चक्कर काटने मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वंय के खाते की जमीन को बंटवारा करने के लिए बीते तीन साल से किसान तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहा है। किसान ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कलेक्टोरेट परिसर में आमरण

- बंटवारे नहीं किए जाने से नाराज किसान ने आमरण अनशन की दी चेतावनी

अनशन शुरू करने की बात कही है।

बस्तर नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम परचनपाल निवासी किसान रितेश कुमार पाण्डेय बीते तीन सालों से भूमि खाता बंटवारे के लिए तहसील दफ्तर का चक्कर काट रहा है इस संबंध में तहसीलदार बस्तर की ओर से भी निराकरण नहीं होने से क्षुब्ध किसान ने बुधवार को कलेक्टर बस्तर को दिए गए सूचना पत्र में 10 दिनों में निराकरण नहीं होने पर कलेक्ट्रेट परिसर के समक्ष आमरण अनशन शुरू करने की बात कही है। किसान रितेश पाण्डे ने बताया कि ग्राम परचनपाल में उसके व बड़े भाई के सयुंक्त नाम से कृषि भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आपसी सहमति पूर्वक उक्त भूमि का बंटवारा किए जाने के लिए उन्होंने 2023 में तहसील दफ्तर में आवेदन किया था। बावजूद तहसीलदार द्वारा बिना किसी समंस तामिली करवाए राजस्व न्यायालय मे प्रकरण चलाया गया और नस्तिबद्ध भी कर दिया गया। इसके बाद पुनः तहसीलदार के मौखिक निर्देश पर पटवारी के माध्यम से बंटवारे के लिए आवेदन दिया था बावजूद हल्का पटवारी टालमटोल करता आ रहा है। किसान ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते वर्ष राजस्व विभाग के कामकाज को लेकर कड़ी फटकार लगाई थी साथ ही ग्राम चौपाल के माध्यम से किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए थे। राज्य सरकार द्वारा समय सीमा में किसानों की समस्याओं के निराकरण किए जाने आदेशित किया गया है इसके बावजूद सीमांकन, नामांतरण व खाता बटवारा जैसे राजस्व कार्य सालों से लंबित हैं इसे देखते हुए विभाग की कामकाज को लेकर किसानों में लगातार आक्रोश पनप रहा है।

# दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावण्ड थाना क्षेत्र के सरगीपाल उलनार मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार बाईक दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का हादसे में एक पैर टूट गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पाइकपाल निवासी धनसिंह गोयल पिता दशरथ गोयल 25 वर्ष किसी काम से सरगीपाल की ओर से उलनार की ओर जा रहा था। इसी दौरान जंगल मार्ग में उसकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाईक से गिरने से धनसिंह का दाहिना पैर टूट गया तथा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई थी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन व डॉयल 112 टीम ने मौके पर पहुंच गई थी। वहीं इसकी सूचना एम्बुलेंस को भी दी



गई जिसके बाद घायल को परिजनों के साथ एम्बुलेस में शिफ्ट कर अस्पताल रवाना किया गया जहां उसका उपचार जारी है। टीम द्वारा हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुए बाईक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। त्वरित कार्रवाई में आरक्षक धर्मेन्द्र नेताम व वाहन चालक डालम बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बस्तर के बस स्टैंड से अस्पताल तक अंधेरा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नेशनल हाईवे 30 पर नगर पंचायत बस्तर बस स्टैंड से थाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कई दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है। सड़क के बीचो-बीच लगे नेशनल हाईवे विभाग की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात में आवागमन मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बस स्टैंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक फैले इस हिस्से में अंधेरे के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशियों को तेज रफ्तार वाहन टक्कर मार रहे हैं। बस्तर



थाना, वन विभाग कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भी लाइटें बंद होने से रात में आने-जाने वाले मरीजों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार एनएच विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं की गईं तो आंदोलन किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी नेशनल हाईवे विभाग की होगी। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल लाइटें चालू कर राहगीरों और मरीजों को राहत देने की मांग की है।

# प्रदीप बने वेटेरन क्रिकेट के संभाग उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में वेटेरन क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और संभाग स्तर पर खेल गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रदेश को पांच संभागों में विभाजित कर संगठनात्मक विस्तार किया है। रविवार को आयोजित बैठक में बस्तर क्षेत्र में वेटेरन क्रिकेट के विकास एवं प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रदीप गुहा को सर्वसम्मति से बस्तर संभाग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। एसोसिएशन के सचिव तरुणेश सिंह




परिहार ने कहा कि प्रदीप गुहा ने वर्षों से बस्तर में क्रिकेट के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। क्रिकेट के प्रति उनकी मेहनत, समर्पण, संगठन क्षमता और खेल के प्रति जुनून को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बस्तर संभाग में वेटेरन क्रिकेट को नई पहचान और मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर पूर्व सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सिद्धार्थ पाठक सहित बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रदीप गुहा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पूरी निष्ठा के साथ करेंगे कार्य

प्रदीप गुहा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर में वेटेरन क्रिकेट को और अधिक मजबूत बनाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा क्रिकेट गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर राबिन कुमार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वेटेरन क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विकासखंड दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम हाई स्कूल, आँवराभाटा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का आत्मीय स्वागत करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष कैलाश गुप्त मिश्र, जनपद पंचायत सदस्य रामू राम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी





उपस्थित रहे। मौके पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन की सफलता की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पुस्तकें, गणवेश वितरित किए गए और जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके नए शैक्षणिक सत्र की शुभ शुरुआत की गई। इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत का उत्सव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। अभिभावकों से उन्होंने आग्रह किया कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और उनकी पढ़ाई में सहयोग दें। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों को आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाती है तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र शर्मा, प्राचार्य श्रीमती बबीता दोहरे, व्याख्याता श्रीमती सुनीता गोस्वामी, सभी संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय

**सुकमा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट ने 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की वर्षगांठ पर इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने का कार्य किया था। जी वेंकट ने जारी बयान में कहा कि 25 जून 1975 की रात देश में आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार किया गया था। उस दौरान विपक्षी दलों के नेताओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र समर्थक नागरिकों को बिना किसी ठोस कारण के गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया। प्रेस की स्वतंत्रता पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए, समाचार पत्रों की सेंसरशिप की गई और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध में जिला कांग्रेस की प्रेसवार्ता

**सुकमा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने नीट परीक्षा रद्द किए जाने के मुद्दे को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस नेताओं ने परीक्षा प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा रद्द होना देश के लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के विश्वास पर सीधा आघात है। यदि परीक्षा में पेपर लीक, भ्रष्टाचार अथवा किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो इसकी निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रेसवार्ता में कहा गया कि लाखों छात्रों ने वर्षों की मेहनत और कठिन परिश्रम के बाद परीक्षा दी है। ऐसे में परीक्षा रद्द होने से उनके भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों के हितों की रक्षा करें तथा शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस निर्णय से छात्रों को शैक्षणिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होने की आशंका है, वहीं छात्रों में निराशा, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। कोचिंग, अध्ययन सामग्री एवं अन्य तैयारियों पर खर्च की गई राशि का भी नुकसान होगा। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के अवसर प्रभावित होने से छात्रों के करियर पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने सरकार से जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि छात्रों के हित सर्वोपरि हैं। सरकार को शीघ्र निर्णय लेकर विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित करना चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास कायम रखना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश कवासी के निर्देश पर प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला उपाध्यक्ष शेख सज्जार, जिला महामंत्री एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, जिला महामंत्री रमेश राठी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन, विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका मनोज चौरसिया, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष रानू दास, सतेन्द्र गुप्ता सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंदरूनी क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर मंथन, प्रभावी शिक्षण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर निलेश कुमार श्रीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार लाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

- आमाबेड़ा और अंतागढ़ में समीक्षा बैठक आयोजित

विकासखंड अंतागढ़ के सेजेस आमाबेड़ा और सेजेस अंतागढ़ में आयोजित समीक्षा बैठक में संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों तथा विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रमुखों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विद्यालयों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर, नियमित अध्ययन-अध्यापन, विद्यालयवार उपलब्धियों तथा क्षेत्रीय चुनौतियों की गहन समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि आमाबेड़ा एवं अंतागढ़ जैसे वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने संस्था प्रमुखों को प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने के स्तर का नियमित मूल्यांकन करने तथा भाषा और गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में नवाचारी एवं परिणाममूलक शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। बैठक में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान एफएलएन को मजबूत बनाने, कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने, सतत मूल्यांकन प्रणाली को प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन कराने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने पुस्तकालयों के प्रभावी उपयोग, प्रयोगात्मक शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षा तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपेक्षित अधिगम परिणाम तक पहुंचाना अधिक महत्वपूर्ण है।

## परिणाम बेहतर बनाने पर अधिकारियों ने दिया विशेष जोर



### व्यावहारिक समाधानों पर सुझाव किए साझा

बैठक में उपस्थित अधिकारियों और संस्था प्रमुखों ने क्षेत्रीय शैक्षणिक चुनौतियों तथा उनके व्यावहारिक समाधानों पर अपने सुझाव साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक प्रयास, बेहतर समन्वय और सतत निगरानी के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। शिक्षा विभाग का मानना है कि ऐसी नियमित समीक्षा बैठकें शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन और विद्यालयों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## खबर संक्षेप



### प्राशा आमाकड़ा में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेश उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर मंगलवार को प्राशा आमाकड़ा में प्रवेश उत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंगीन कागज और गुब्बारों से सजाया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश नेताम ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और प्रत्येक बच्चे को ड्रेस, कॉपी, किताब तथा पेन भेंट किए। उन्होंने बच्चों और पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही खेती-किसानी और गांव के विकास की मजबूत नींव है। बेटा-बेटी दोनों को समान रूप से शिक्षित करना जरूरी है और बच्चों का नियमित रूप से स्कूल आना आवश्यक है। शिक्षकों ने पालकों को मातृभाषा में संवाद कर बच्चों को विद्यालय के अनुकूल वातावरण देने की सलाह दी। इस अवसर पर तुलसी निषाद, घनश्याम बघेल, कुमार यादव, गोविंद दर्रो, सरजू निषाद सहित में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पीएम आवास की राशि लेकर निर्माण नहीं करने वालों पर होगी एफआईआर

**कांकेर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत राशि प्राप्त करने के बावजूद मकान निर्माण शुरू नहीं करने या अधूरा छोड़ने वाले हितग्राहियों के खिलाफ नगर पालिका परिषद कांकेर सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। पालिका प्रशासन ने ऐसे हितग्राहियों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका के अनुसार कई हितग्राहियों को योजना की पहली और दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है, लेकिन अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य या तो शुरू नहीं हुआ है या अधूरा पड़ा है। शासन ने स्पष्ट किया है कि सितंबर के बाद योजना के अंतर्गत कोई अगली या अंतिम किस्त जारी नहीं की जाएगी और योजना के खाते बंद कर दिए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। राशि प्राप्त करने के बाद भी निर्माण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया जा सकता है। वर्तमान में पालिका का मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर निर्माण कार्य का सत्यापन कर रहा है।

### 11 वीं की रिक्त सीटों पर 6 तक प्रवेश का मौका

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11 वीं की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा, इसके लिए 6 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जया मनु ने बताया कि विद्यालय में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यालय में गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के अंतर्गत कुल 19 रिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

## गोंडवाना समाज परिक्षेत्र सरोना का बलिदास दिवस पर आयोजन

# वीरांगना रानी दुर्गावती के त्याग, शौर्य और बलिदान को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जिले के सरोना स्थित लिंगों चौक में गोंडवाना समाज परिक्षेत्र सरोना द्वारा गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें शौर्य दिवस एवं बलिदान दिवस का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने वीरांगना रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके अद्वितीय शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति का स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की उन महान वीरांगनाओं में शामिल हैं जिन्होंने अपने साहस, नेतृत्व क्षमता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण से इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया। उन्होंने अपने राज्य, संस्कृति और जनता की रक्षा के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष किया और कभी भी पराधीनता को स्वीकार नहीं किया। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम का अद्भुत उदाहरण है।

वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान केवल गोंडवाना समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लिंगों चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने एकत्रित होकर रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित समाजजनों ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज भी उनका जीवन संघर्ष और शौर्य समाज को नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने वीरांगना के सम्मान में नारे लगाए तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र अध्यक्ष तिरुमाल ईश्वर सिंह मंडावी, चोरिया उपसरपंच तिरुमाल गंगा राम भास्कर, गौरव नेताम, श्रीकांत मंडावी सहित क्षेत्र के अनेक सामाजिक सियान, प्रबुद्धजन और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपहरण करने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चारामा पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में 24 जून को पीड़िता की बहन ने थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि ग्राम साल्हेभाट निवासी ओमन कुमार तारम से उसकी नाबालिग बहन की कुछ माह पूर्व पहचान हुई थी और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। 22 जून को आरोपी ने पीड़िता को चारामा बस स्टैंड बुलाया। वहां पहुंचने के बाद आरोपी उसे मोटरसाइकिल से अपनी नानी के घर ग्राम दुखचेरा गुरूर ले गया, जहां नाबालिग होने की जानकारी होने के बावजूद शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद 24 जून को ग्राम पुरी के पास छोड़कर फरार हो गया।

रिपोर्ट के आधार पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 134/2026 के तहत धारा 137(2), 64(1) भारतीय न्याय संहिता एवं पाक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की और 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बालोद जिला के ग्राम साल्हेभाट निवासी 25 वर्षीय ओमन कुमार तारम पिता बृजलाल तारम के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत ममाला दर्ज किया गया। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, पीएसआई हेमंत मारगिया, सहायक उप निरीक्षक सागर निषाद, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति मिश्रा कि अहम भूमिका रही।

## अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम सेलेगोंदी से दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14.5 लीटर देशी महुआ शराब एवं बिक्री से प्राप्त नगदी जब्त की गई है।



- साढ़े 14 लीटर कच्ची शराब जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 जून को थाना कोरर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि सेलेगांव निवासी 45 वर्षीय महावीर नरेटी पिता बलीराम नरेटी अपने घर के बाहर अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मामले कि तस्दीक के लिए पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में करीब 7.5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त 100-100 रुपये के दो नोट भी मिले। पुलिस द्वारा शराब का नाप-तौल कर उसकी कीमत लगभग 750 रुपये तथा नगदी सहित कुल जब्ती 950 रुपये आंकी गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

दूसरी कार्यवाही में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 बल्क लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब और 200 रुपये नगद बिक्री रकम जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 900 रुपये आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम सेलेगोंदी निवासी 51 वर्षीय रामकिशन जैन पिता स्व. गंगा राम जैन अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण एवं बिक्री कर रहा है। थाना कोरर पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक 25 लीटर क्षमता के जरकीन में रखी 7 बल्क लीटर महुआ शराब तथा 200 रुपये नगद बिक्री रकम बरामद कर जब्त की। आरोपी रामकिशन जैन के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पुरानी कचहरी बनी शिक्षा और संस्कृति का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला मुख्यालय कांकेर स्थित ऐतिहासिक पुरानी कचहरी आज शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा तैयारी और सांस्कृतिक संरक्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है। जिला प्रशासन द्वारा हमर लक्ष्य पहल के तहत विकसित सेंट्रल लाइब्रेरी सह मावा मोदोल प्रतिदिन लगभग एक हजार विद्यार्थियों को अध्ययन की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में संचालित इस केंद्र में विद्यार्थियों को शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया गया है। यहां छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए भी मैराथन क्लासेस आयोजित की जा रही हैं। सेंट्रल लाइब्रेरी सह मावा मोदोल के नोडल अधिकारी नवनीत पटेल ने बताया कि केंद्र से अध्ययन कर चुके 89 युवाओं ने विभिन्न शासकीय सेवाओं में सफलता प्राप्त की है, जो इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के मार्गदर्शन में अध्ययन केंद्र को और विकसित करने का कार्य भी जारी है। पुरानी कचहरी परिसर शिक्षा के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और भाषा संरक्षण का भी महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। यहां स्थापित कोयाबाना आदिवासी संग्रहालय स्थानीय जनजातीय इतिहास, परंपराओं और जीवनशैली को संरक्षित कर रहा है। वहीं गोंडी और हल्बी भाषा प्रशिक्षण से लगभग 80 विद्यार्थी जुड़कर अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य कर रहे हैं। परिसर का ऐतिहासिक स्वरूप, हरियाली और स्वच्छ वातावरण इसे विद्यार्थियों व पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है।

## निर्जला एकादशी पर समाजसेवियों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**चारामा।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर के समाजसेवियों द्वारा सदर बाजार मार्ग स्थित मंडी गेट के पास शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस जनसेवा कार्यक्रम में राहगीरों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई। दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस सेवा कार्य में लोगों ने शरबत ग्रहण किया। आयोजन में हरीश मेहता, महेंद्र किरी, उत्तम किरी, धर्मेंद्र निर्मलकर, अजय जगवानी, ओम प्रकाश साहू, महावीर पटेल, हरि साहू, पप्पू देवांगन सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और लोगों की सेवा की। आयोजकों ने बताया कि निर्जला भीमसेनी एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन जल सेवा, दान-पुण्य और जरूरतमंदों की सहायता को अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी भावना के साथ भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



### सेवा और परोपकार की परंपरा सदियों पुरानी

समाजसेवियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा और परोपकार की परंपरा सदियों पुरानी है। विशेष धार्मिक अवसरों पर ऐसे जनहितकारी आयोजन समाज में सहयोग, सद्भाव और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों ने शरबत पीकर राहत महसूस की तथा समाजसेवियों के इस प्रयास की सराहना की। आयोजन के अंत तक सैकड़ों लोगों ने शरबत ग्रहण किया। सेवा कार्य में जुटे समाजसेवियों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की बात कही।

## नशामुक्त समाज बनाने का लिया गया संकल्प




**पखांजूर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 17 जून से 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत गैर सरकारी संस्था सृजन सेवा समिति द्वारा पखांजूर क्षेत्र में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर के आदेशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करना है।

- नशामुक्त भारत सप्ताह के तहत जागरुकता अभियान

सृजन सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत बैकुण्ठपुर, मायापुर, रामकृष्णपुर, इन्द्रप्रस्थ, भिंगीडार एवं संगम सहित विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्याएं उत्पन्न करता है।

अभियान के दौरान ग्रामीणों एवं युवाओं ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालकर नारे लगाए और नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया। विभिन्न कार्यक्रमों में बैकुण्ठपुर की कार्यवाहक सरपंच साधना मंडल, मायापुर के पंचायत सचिव दीपक सरकार, रामकृष्णपुर के प्राचार्य प्रणव किर्तनिया, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मधुसूदन हाजरा तथा इन्द्रप्रस्थ के सरपंच ईश्वर लाल कड़ियाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**इनका रहा योगदान :** अभियान को सफल बनाने में सृजन सेवा समिति के संचालक मंडल के सदस्य बाबला बागची, जतन विश्वास, अशोक मंडल, रंजीत विश्वास, विश्वजीत मिस्त्री सहित अन्य सदस्यों ने भूमिका निभाई।

## छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर दिया गणवेश और किताबें

# आमागढ़ शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ग्राम आमागढ़ के शासकीय विद्यालय परिसर में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक, आरती एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं अन्य कक्षाओं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। साथ ही शिक्षकों की विशेष पहल पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को 225 पेज की लंबी साइज की कॉपी भी प्रदान की गई, जिससे सत्र के प्रारंभ से ही शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। संकुल प्राचार्य उदेराम भुआर्य ने शिक्षा को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए अभिभावकों और शिक्षकों से मिलकर बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. संजय वस्त्रकार ने युवाओं से शिक्षा दान और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। मुख्य अतिथि रामचन्द्र कल्लो ने प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज